# यूपीईएस के स्कूल ऑफ डिजाइन में प्रो. भास्कर भट्ट डीन नियुक्त

देहरादून (एसएनबी)। यूपीईएस ने प्रो. भास्कर भट्ट को डिजाइन स्कूल का नया डीन नियुक्त करने की घोषणा की। प्रो. भट्ट के पास राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अहमदाबाद और आईआईटी गांधीनगर जैसे प्रमुख संस्थानों में डिजाइन शिक्षा का 22 वर्षो का अनुभव है।

प्रो. भट्ट ने सीआईआई राष्ट्रीय समिति के डिजाइन, आईएफजीओ, केपीएमजी और गुजरात सरकार की एंटरप्रेन्योरशिप पालिसी के सलाहकार के रूप में डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यूपीईएस में प्रो. भट्ट स्कूल आफ डिजाइन का नेतृत्व करेंगे। साथ ही अपने अनुभव से स्कूल आफ डिजाइन के अकादमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव दोनों पहलुओं की देखरेख करेंगे। डा. भट्ट ने कहा कि यूपीईएस का हिस्सा बनकर गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।



यूपीईएस स्कूल ऑफ डिजाइन भविष्य की टेक्नोलॉजी पर ज्ञान और कौशल विकसित करने पर केंद्रित है जिससे क्रिएटिविटी और टेक्नोलाजी का सह-प्रभाव बढ़ता है। उन्होंने यूपीईएस की इनोवेशन की परंपरा को बरकरार रखते हुए एक जीवंत और सहयोगात्मक सीखने का माहौल तैयार करने को प्राथमिकता बताई।